**टीप :** संचालक, शारीरिक शिक्षा विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल, विश्वविद्यालय, रायपुर के बजट वित्तीय सत्र 2023–24 में सकल प्रावधानित राशि रु. 55.50 लाख में विभाग के प्रस्ताव अनुसार विभागीय मद Director of Physical Education, 3(i) a & b में वृद्धि किए जाने के संबंध में, प्रकरण माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–**

13. **श्री धनेश प्रसाद चौबे, नि.व.लि. की प्रतिनियुक्ति के संबंध में विचार करना।**

**टीपः** श्री धनेश प्रसाद चौबे, नि.व.लि. को बिलासपुर विश्वविद्यालय के पत्र क्र. 154/स्था.प्रशा./2017 दिनांक 08.02.2017 के द्वारा प्रतिनियुक्ति हेतु प्राप्त सहमति के आधार पर विश्वविद्यालय के आदेश क्र. 750/सा.प्रशा./2017 दिनांक 21.02.2017 के द्वारा एक वर्ष के लिए बिलासपुर विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति नियम एवं शर्तों के तहत भारमुक्त किया गया था।

कुलसचिव, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के द्वारा अपवने पत्र क्र. 638/स्था.प्रशा./2021 दिनांक 28.09.2021 को श्री धनेश प्रसाद चौबे, नि.व.लि. को बिलासपुर विश्वविद्यालय में संविलियन हेतु सहमति चाही गई थी, जिस पर तत्कालीन कुलसचिव/कुलपति जी के द्वारा शासन से पत्र प्राप्त होने के पश्चात् कार्यवाही किए जाने हेतु आदेश दिए गए थे, किंतु इस पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है। संविलियन किए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र के लिए राज्य शासन को पत्र प्रेषित किए जाने हेतु माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

14. **श्रीमती नीरजा भगत, ग्रंथालय सहा. ग्रेड–1, पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार (वर्तमान में शास. रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर में ग्रंथपाल के पद पर कार्यरत) के आवेदन दिनांक 06.11.2023 के द्वारा दो वर्ष धारणाधिकार की समाप्ति उपरांत विश्वविद्यालय की सेवा से त्याग करने एवं बकाया राशि एवं सेवा–पुस्तिका प्रदान करने के अनुक्रम में सेवा दिनांक 18.10.2023 से समाप्त किए जाने, संबंधित विभागों से अदेय प्रमाण–पत्र प्राप्त किए जाने एवं कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् मूल सेवा–पुस्तिका वर्तमान विभाग को प्रेषित किए जाने के संबंध मे विचार करना।**

<u>टीप</u> : श्रीमती नीरजा भगत, ग्रंथालय सहा. ग्रेड–1, पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार (वर्तमान में शास. रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर में ग्रंथपाल के पद पर कार्यरत) ने अपने पत्र दिनांक 06.11.2023 के द्वारा दो वर्ष के धारणाधिकार की समाप्ति के उपरांत ग्रंथालय सहा. ग्रेड–1, पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथालय, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का पद त्याग करने एवं बकाया राशि एवं सेवा–पुस्तिका प्रदान करने हेतु निवेदन किया है।

उक्त संबंध में लेख है कि श्रीमती नीरजा भगत पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर स्थित पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार में ग्रंथालय सहायक ग्रेड–1 के पद पर कार्यरत थीं, जिन्हें छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, रायपुर के आदेश क्र. एफ 1–47/2021/38–1 दिनांक 05.10.2021 के द्वारा शास. रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सूरजपुर (छ.ग.) में ग्रंथपाल के पद पर नियुक्त किए जाने के फलस्वरूप इस कार्यालय के आदेश क्र. 3203/सा.प्रशा./2021 दिनांक 18.10.2021 के द्वारा परिनियम–31 की कंडिका 11 के प्रावधानानुसार 18.10.2021 से 17.10.2023 तक दो वर्ष का धारणाधिकार स्वीकृत करते हुए कार्यमुक्त किया गया था, जो दिनांक 17.10.2023 को समाप्त हो गया है।

अतः संबंधित से प्राप्त पत्र के परिप्रेक्ष्य में श्रीमती नीरजा भगत, ग्रंथालय सहायक ग्रेड–1 की सेवा दिनांक 18.10.2023 से की जानी है। (अ)

संबंधित विभागों से अदेय प्रमाण–पत्र प्राप्त किया जाना है, तदुपरांत विश्वविद्यालय के दय स्वत्वों का नियमानुसार भुगतान किया जाना है। (ब)

विश्वविद्यालय द्वारा उपर्युक्त कार्यवाहियाँ पूर्ण होने के उपरांत इनकी मूल सेवा–पुस्तिका वर्तमान विभाग को प्रेषित किया जाना है। (स)

अंश 'अ', 'ब' एवं 'स' के संबंध में अग्रिम कार्यवाही किए जाने हेतु प्रकरण माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

15. **शिक्षकों की रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन कमांक 3916/Estb/Gen.Adm./2023 Raipur dt. 06.09.2023 पर प्राप्त आवेदन के संबंध मे विचार करना।**

टीप : विषयांतर्गत छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र कमांक एफ 3–5/2021/38–2 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 28.08.2023 के द्वारा सीधी भर्ती के 51 शैक्षणिक एवं 10 अशैक्षणिक (प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी) पदों पर अनुमति शासन से प्राप्त हुई थी, जिसके परिपेक्ष्य में 49 शैक्षणिक पदों पर विश्वविद्यालय द्वारा सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन कमांक **3916/Estb/Gen.Adm./2023 Raipur dt. 06.09.2023** जारी किया गया था । जिसकी अंतिम तिथी 11.10.2023 थी । उक्त तिथी तक कुल 375 आवेदन प्राप्त हुए तथा जिनमें से 373 आवेदन विधिवत स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से तथा 02 आवेदन कुरियर के माध्यम से प्राप्त हुए, जिनमें से 53 आवेदन दिनांक 11.10.2023 के पूर्व डाक विभाग से रजिस्टर्ड हुए है तथा 02 आवेदन **अंतिम तिथी 11.10.2023** के पश्चात डाक विभाग से रजिस्टर्ड प्राप्त हुए है ।

अतः प्राप्त आवेदनों के संबंध में निम्नांकित प्रकिया अपनाया जाना प्रस्तावित :–

1. अंतिम तिथी दिनांक 11.10.2023 उपरांत कुल 55 आवेदन (जिनमें से 02 आवेदन, आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम तिथी 11.10.2023 के पश्चात डाक से प्रेषित किए गए है) भर्ती प्रकिया में सम्मिलित किए जाने के संबंध में नीतिगत निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है ।
2. प्राप्त आवेदनों के लिफाफा को खोलकर आवेदनों को Page Numbering किया जाना।
3. Paging उपरांत समस्त आवेदनों को Page Numbering कर हार्डडिस्क में सुरक्षित रखा जाना।
4. Scanning उपरांत प्राप्त समस्त आवेदनों को Listing कर स्कुटनी समिति को सौंपना। स्कुटनी समिति में निम्नलिखित सदस्य रखा जाना प्रस्तावित।
   (a) IQAC director
   (b) विभागाध्यक्ष (जो संबंधित विषय विशेषज्ञता धारित करता हो )
   यदि विशेषज्ञता धारित करने वाला विभागाध्यक्ष न हो तो कुलपति जी की अनुमति से संकायाध्यक्ष अथवा ब्राह्य विशेषज्ञ को रखा जाना प्रस्तावित ।
   (c) Dr. B.S. Thakur, HOD (SoS in Mathematics)
   (d) Dr. K.K. Sahu, HoD (SoS in Biotechnology)
   (e) Dr. S.J. Daharwal, HoD (Institute of Pharmacy)
   (f) Dr. Sunil Kumetee, Assistant Pforessor (SoS in Economics)
5. आवेदनों की जांच उपरांत API Score के लिए IQAC को भेजा जाना एवं IQAC से Screening समिति का प्रस्ताव प्राप्त कर कार्यपरिषद से अनुमोदन प्राप्त किया जाना प्रस्तावित ।
6. प्राप्त आवेदनों को खोलकर Paging Scanning, एवं Listing कर स्कुटनी समिति के समक्ष रखने के लिए निम्नानुसार समिति का गठित किया जाना प्रस्तावित :–
   (a) श्रीमति शोभना सिंह, सहायक कुलसचिव (प्रशासन)
   (b) श्री महेन्द्र सिंह पटेल, उ.श्रे.लि. वर्ग 2
   (c) श्री गिरीश कुमार सेन, उ.श्रे.लि. वर्ग 2
   (d) श्री प्रभात कुमार झा, उ.श्रे.लि. वर्ग 2
   (e) श्री मनोज कुमार यदु, डाटा एंट्री आपरेटर
7. प्राप्त पूर्व आवेदनों में से संबंधित कुल 05 आवेदकों के द्वारा आवेदन पत्र ईमेल/डाक के माध्यम से पत्र प्राप्त हुए है, जिनके विवरण निम्नानुसार है :–

| कमांक | आवेदक | विवरण | संलग्न |
|---|---|---|---|
| 01. | डॉ. मधुलता बारा, एसोसिएट प्रोफेसर, भाषा एवं साहित्य पं. रवि.वि.वि. रायपुर<br>आवेदन दिनांक 07.11.2023 | भूलवश पूर्व में प्रेषित विज्ञापन के लिए आवेदन में डी.डी. के स्थान पर रेमुनरेशन का चेक स्वंय के नाम पर जमा कर दिया गया है। | डी.डी. कमांक 397345 एस.बी. आई दिनांक 30.09.2023 संलग्न कर आवेदन में शामिल किए जाने का अनुरोध किया गया है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 02. | डॉ. रमेश कुमार टंडन, ग्राम –फूलबंधिया, तह.– खरसिया जिला– रायगढ छग आवेदन दिनांक 13.10.2023 | डाक विभाग की लापरवाही के कारण आवेदन विलंब से पहुंचना का लेख किया गया है। | डाक विभाग के विलंब के कारण आवेदन को सम्मिलित किए जाने का अनुरोध किया गया है। |
| 03. | श्री अमित सोनी, आईजीएनटीयू, अमरकंटक म.प्र. आवेदन दिनांक 16.11.2023 | 16.11.2023 अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न कर आवेदन में शामिल करने हेतु अनुरोध किया गया है। | इंदिरा गांधी जनजातिय विश्वविद्यालय अमरकंटर का अनापत्ति प्रमाण पत्र (विज्ञापन की कंडिका कमांक 6 में साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करने का उल्लेख है) |
| 04. | डॉ. प्रीतिबाला चंद्राकर, शासकीय महा. दुर्ग | एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल के आवेदन में रिसर्च पेपर स्वीकार करने बाबत् | आवेदन में लिखित के अनुसार |
| 05. | डॉ. कुबेर सिंह, Vill.-Bhulandabari Post & Tehsil- Gurur Dist.- Balod Chhattisgarh | एसो. प्रोफेसर भूगोल के हस्तलिखित आवेदन के स्थान पर प्रिटेंड आवेदन जमा करने के संबंध में | प्रिटेंड आवेदन |

8. IQAC से प्राप्त सीधी भर्ती के लिए Criteria for Shortlisting of candidates, Academic/Resarch Score Sheets, and Selection criteria के प्रारूप को माननीय कार्यपरिषद के समक्ष कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तावित ।
9. सीधी भर्ती क लिए Assistant Professor, Associate Professor, एवं Professor हेतु IQAC Screening Committee का गठन निम्नानुसार प्रस्तावित है :–
   i. Director, IQAC
   ii. Head of Department*
   iii. Prof. B.S. Thakur, Head, SoS in Mathematics
   iv. Prof. A.K. Shrivastava, Dean, Management & Head, Institute of Management

   *If the Head is not from the relevant Subject area, in that case, he/she may be replaced by the Dean of the concerned Faculty or a Subject Expert nominated by the Honorable Vice-Chancellor.
10. सीधी भर्ती हेतु निर्धारित तिथी दिनांक 11.10.2023 तक प्राप्त कुल 375 आवेदन एवं दिनांक 11.10.2023 के पश्चात कुल 55 आवेदनों में निम्नांकित आवेदनों में डिमांड ड्राफ्ट संलग्न नहीं है, जिनके विवरण निम्नानुसार है :–

| Serial No. | Name of Candidate | Receving No. |
|---|---|---|
| 1. | Amin Kumar Kaushik, Sarguja (C.G.) | 1 |
| 2. | Aasha Semra, Post -Kenda, Bilaspur (C.G.) | 84 |
| 3. | Prabha Kaushik, Jora, Raipur (C.G.) | 116 |
| 4. | Dr. Padmini Sinha, Ward 9, Kular para, Dhamdha, Durg (C.G.) | 245 |
| 5. | Dr. Ranjana Vyas, IIIT-A, E-11, faculty House, Prayagraj | 267 |
| 6. | P. Veena Swami, K-20, Rajdhani Vihar, Raipur (C.G.) 492012 | 345 |
| 7. | Dr. Chandini Markam, Vaishali Nagar, Durg (C.G.) | 9 |

अतः संबंधित आवेदनों को भर्ती प्रकिया में शामिल किए जाने के संबंध में विचारार्थ /सक्षम निर्णयार्थ प्रस्तुत ।

तत्संबंध में बिंदु कमांक 1 से 10 तक के संदर्भ में माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

16. **शिक्षकों के स्व–मुल्यांकन प्रतिवेदन (PBAS) एवं कैरियर एडवांस योजना (CAS) आवेदन प्रारूप सक्षम अनुमोदन के संबंध मे विचार करना।**

<u>टीप</u> : विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के स्व–मुल्यांकन प्रतिवेदन (PBAS) एवं कैरियर एडवांस योजना (CAS) के आवेदन यू.जी.सी. रेगुलेशन 2018 के अनुरूप आई.क्यू.ए.सी. एवं वि.वि. द्वारा गठित स्क्रीनिंग समिति के द्वारा तैयार कर सामान्य प्रशासन विभाग को प्राप्त हुआ है ।

उक्त शिक्षकों के स्व–मुल्यांकन प्रतिवेदन PBAS (Arts, Humanities and Social Science Streams) & PBAS (Science Streams) एवं कैरियर एडवांस योजना (CAS) आवेदन Assistant Professor (Academic level 10 to level 11), Assistant Professor (Academic level 11 to level 12), Assistant Professor to Associate Professor (Academic level 12 to level 13A) एवं Associate Professor to Professor (Academic level 13 A to level 14) माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

17. **डॉ. जी.के. देशमुख, सह प्राध्यापक प्रबंध संस्थान पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की अनुपस्थित अवधि के संदर्भ में अवकाश नियमों के आलोक में" प्रकरण में गठित समिति से प्राप्त प्रतिवेदन के संबंध मे विचार करना।**

<u>टीप</u> : कार्यपरिषद की 81वीं बैठक दिनांक 22.09.2023 के पूरक विषय सूची कमांक 10 में लिए गए निर्णय अनुसार एवं वि.वि. के आदेश कमांक 4163/सा.प्रशा./2023 रायपुर दिनांक 03.10.2023 के द्वारा "अवकाश नियमों के विपरीत आदेश तथा एक ही तथ्य के लिए तीन दण्ड से दण्डित करने विषयक अपील अभ्यावेदन – डॉ. जी.के. देशमुख, सहायक प्राध्यापक, प्रबंध अध्ययनशाला पं. रवि.वि. वि. रायपुर की अनुपस्थित अवधि के संदर्भ में अवकाश नियमों के आलोक में" प्रकरण के परीक्षण तथा संस्तुति के संबंध में प्रकरण पर तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया।

गठित समिति द्वारा प्रकरण का प्रतिवेदन सील बंद लिफाफा में **दिनांक 15.12.2023** को विश्वविद्यालय सामान्य प्रशासन विभाग को प्राप्त हुआ है। गठित समिति द्वारा प्रकरण का प्रतिवेदन माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

18. **डॉ. अलेख कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक, विधि अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के "निलंबन काल को कर्त्तव्य अवधि के रूप में स्वीकार किए जाने के संबंध में" प्रकरण में गठित समिति से प्राप्त प्रतिवेदन के संबंध मे विचार करना।**

<u>टीप</u> : कार्यपरिषद की 81वीं बैठक दिनांक 22.09.2023 के पूरक विषय सूची कमांक 05 में लिए गए निर्णय अनुसार एवं वि.वि. के आदेश कमांक 4158/सा.प्रशा./2023 रायपुर दिनांक 03.10.2023 के द्वारा "डॉ. अलेख कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक, विधि अध्ययनशाला, पं. रवि.वि. वि. रायपुर के निलंबन काल (दिनांक 17.05.2018 से 26.10.2021 तक) को कर्त्तव्य अवधि के रूप में स्वीकार किए जाने के संबंध में" प्रकरण के संबंध में प्रकरण पर दो सदस्यीय समिति का गठन किया गया ।

गठित समिति द्वारा प्रकरण का प्रतिवेदन सील बंद लिफाफा में **दिनांक 14.12.2023** को विश्वविद्यालय सामान्य प्रशासन विभाग को प्राप्त हुआ है ।

तत्संबंध में गठित समिति द्वारा प्रकरण का सील बंद लिफाफा में प्राप्त प्रतिवेदन माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

19. **विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ अग्रवाल को से.नि. तिथि के पश्चातवर्ती तिथि से वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में अस्थायी आधार वि.वि. के माननीय कार्यपरिषद दिनांक 20.10.2012 एवं दिनांक 15.12.2015 के विषय क्रमांक 01 में लिए गये निर्णय अनुसार निश्चित मानदेय राशि रू 20800/– प्रतिमाह पर कार्य पर रखे जाने के संबंध में विचार करना।**

<u>टीप</u> : डॉ. एस. एस. अग्रवाल सेवानिवृत्त (जूलाई 2022) चिकित्सा अधिकारी, सेवानिवृत्ति तिथि से वि.वि. के स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे है।

डॉ. अग्रवाल को विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र से सेवानिवृत्त होने के उपरान्त स्वास्थ्य सेवा निरंतरता तथा चिकित्सक कि विश्वविद्यालय परिसर में उपलब्धता हेतु एवं माननीय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 12.10.2021 विषय कं. 15 एवं बैठक दिनांक 22.03.2023 के पूरक विषय कं. 03 में लिए निर्णय अनुसार छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन को पत्र क्रमांक 1800/स्था./सा.प्रशा./2023 रायपुर दिनांक 20.04.2023 एवं पत्र क्रमांक 4363/सा.प्रशा./2023 रायपुर दिनांक 16.10.2023 प्रेषित किया गया है।

छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक 568/305/2023/38–2 अटल नगर, दिनांक 05.07.2023 द्वारा उक्त चिकित्सक को संविदा नियुक्ति के संबंध में सेट–अप में चिकित्सा अधिकारी का पद स्वीकृति करने का औचित्य के संबंध में प्रश्न करते हुए असहमति संबंधित पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ है। माननीय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 04.08.2023 के पूरक विषय क्रमांक 20 में लिए गए निर्णय अनुसार छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन को विश्वविद्यालय में चिकित्सा अधिकारी के पद का औचित्य दर्शाते हुए पत्र क्रमांक 4363/सा.प्रशा./2023 रायपुर दिनांक 16.10.2023 प्रेषित किया गया है।

अतः विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ अग्रवाल को से.नि. तिथि के पश्चातवर्ती तिथि से वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में अस्थायी आधार वि.वि. के माननीय कार्यपरिषद दिनांक 20.10.2012 एवं दिनांक 15.12.2015 के विषय क्रमांक 01 में लिए गये निर्णय अनुसार निश्चित मानदेय राशि रू 20800/– प्रतिमाह पर कार्य पर रखे जाने हेतु माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

## <u>कुल–अनुशासक कार्यालय से प्राप्त प्रस्ताव</u> :–

20. **भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 11 अप्रैल 2023, नई दिल्ली के अनुक्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा जारी किये गये पत्र क्रमांक D.O.No.F.I.13/2022(CPP-II) dated 5th December 2023/14 अग्रहायण, 1945 अनुसार विश्वविद्यालय में एक लोकपाल (Ombudsperson(s)) नियुक्त हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उक्त Regulation 2023 को विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत किए जाने के संबंध में विचार करना।**

<u>टीप</u> : भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 11 अप्रैल 2023, नई दिल्ली के अनुक्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा जारी किये गये पत्र क्रमांक D.O.No.F.I.13/2022(CPP-II) dated 5th December 2023/14 अग्रहायण, 1945 अनुसार विश्वविद्यालय में एक लोकपाल (Ombudsperson(s)) नियुक्त किया जाना है।

अतः लोकपाल नियुक्त के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उक्त Regulation 2023 को विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत किये जाने संबंध में अवलोकनार्थ एवं नस्ती माननीय कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

गोपनीय विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–

21. **वर्ष 2023 की विभिन्न परीक्षा (Supplementry and Ph.D. Entrance Exam-2023) के अनुबंधित फर्म के गोपनीय मुद्रण कार्य पश्चात् प्रस्तुत देयक राशि रु. 36,57,857.00 (रुपए छत्तीस लाख संतावन हजार आठ सौ संतावन मात्र) के भुगतान की स्वीकृति के संबंध में विचार करना।**

टीप : वर्ष 2023 की विभिन्न परीक्षा (Supplementry and Ph.D. Entrance Exam-2023) के गोपनीय मुद्रण कार्य हेतु अधिकृत फर्म, जिसको कार्यपरिषद् की सतहत्तरवीं बैठक दिनांक 31.05.2023 (पूरक विषय सूची क्रमांक–06) में अनुमोदन के फलस्वरूप अनुबंधित किया गया। संबंधित फर्म द्वारा कार्य संपादन किया गया। अनुबंधित फर्म द्वारा कार्य संपादन उपरांत राशि रु. 36,57,857.00 (रुपए छत्तीस लाख संतावन हजार आठ सौ संतावन मात्र) का देयक प्रस्तुत किया गया है। संबंधित फर्म द्वारा प्रस्तुत देय राशि रूपए रु. 36,57,857. 00 (रुपए छत्तीस लाख संतावन हजार आठ सौ संतावन मात्र) के भुगतान हेतु माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

इलेक्ट्रानिक्स एवं फोटोनिक्स अध्ययनशाला से प्राप्त प्रस्ताव :–

22. **पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में सेक्शन 8 कंपनी स्थापित करने एवं नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काऊँसिल और सेक्शन 8, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के मध्य एम.ओ.यू. (MoU) समझौता ज्ञापन किए जाने के संबंध में विचार करना।**

टीप : (अ) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में सेक्शन 8 कंपनी स्थापित करना प्रस्तावित है कंपनी का उद्देश्य नवाचार और उद्भवन स्टार्ट–अप अनुदान, सी.एस.आर. फंडिग जुटाना, पूर्व छात्रों से वित्तीय सहायता आदि प्रमुख होंगे। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् पीयर समूह (NAAC Peer Team) के विजिट के दौरान समूह के सदस्यों के द्वारा भी नवाचार जैसे गतिविधियों को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई थी।

संस्थान में नवाचार को बढ़ावा देने वाले परितंत्र उद्यमिताअ और स्टार्ट–अप संवर्धन (पूर्व उद्भवन और उद्भवन) पर सक्रिय समर्थन और इसे विकसित करने, फंड जुटाने, डोमेन की प्राप्ति, शासकीय NGO's निजी व्यापार क्षेत्र, उद्योग/दानकर्ता के बहुआयामी मोड के माध्यम से नव प्रवर्तन/नवाचार को बढ़ावा देना एवं अन्य संबंधित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सेक्शन–8 कम्पनी की स्थापना की आवश्यकता है।

(ब) नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काऊँसिल पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर और सेक्शन–8 कम्पनी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के मध्यम एम.ओ.यू. (MoU) समझौता ज्ञापन किए जाने हेतु माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

अकादमिक विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–

23. **विधि अध्ययनशाला के अंतर्गत एल.एल.एम. पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में वर्तमान में निर्धारित 45 सीट की संख्या में वृद्धि कर 55 सीटें (10 पेमेंट कोटा) शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए जारी अधिसूचना क्रमांक 805/अका./प्रवेश अधिसूचना/2023 रायपुर, दिनांक 27.09.2023 की सूचना ग्रहण करना।** **(पृष्ठ क्र. 09)**

टीप : शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु विशेष परिस्थिति में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विधि अध्ययनशाला के अंतर्गत एल.एल.एम. पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में वर्तमान में निर्धारित 45 सीट की संख्या में वृद्धि कर 55 सीटें (10 पेमेंट कोटा) शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए कार्यपरिषद् की स्वीकृति की प्रत्याशा में जारी अधिसूचना क्रमांक 805/अका./प्रवेश अधिसूचना/2023 रायपुर, दिनांक 27.09.2023 की प्रति माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष स्वीकृति हेतु सूचनार्थ प्रस्तुत है।

24. **दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय, जी–जामगाँव, जिला–धमतरी में परिनियम 28 के तहत प्राचार्य, डॉ. किरण श्रीवास्तव के कार्यकाल में वृद्धि करने हेतु चयन समिति द्वारा साक्षात्कार दिनांक 03.08.2023 के वृद्धि पश्चात् दिनांक 19.10.2023 से त्याग पत्र के अनुमोदन पर विचार करना।**

<u>टीप</u> : दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय, जी–जामगाँव, जिला–धमतरी में परिनियम 28 के तहत पूर्व में नियुक्त प्राचार्य, डॉ. किरण श्रीवास्तव के कार्यकाल में वृद्धि कर, पाँच वर्ष हेतु पुनः एक अवसर दिए जाने हेतु गठित चयन समिति द्वारा दिनांक 03.08.2023 को आयोजित साक्षात्कार में अनुशंसा की गई है। उसके पश्चात् दिनांक 19.10.2023 से महाविद्यालय के प्राचार्य पद से त्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। डॉ. किरण श्रीवास्तव का त्याग पत्र माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष स्वीकृति हेतु अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

<u>विकास विभाग से प्राप्त प्रस्ताव</u> :–

25. **विश्वविद्यालय परिसर व भवनो के सफाई व्यवस्था के संबंध में विचार करना।**

<u>टीप</u> : (1) विश्वविद्यालय परिसर व भवनो के सुरक्षा व्यवस्था हेतु निविदा सूचना क्र. 694/विकास/निसू./2023 रायपुर, दिनांक 04/10/2023 समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। निर्धारित तिथि तक निम्नलिखित फर्मों द्वारा सीलबंद लिफाफा में निविदा प्रस्तुत किया गया था :–

1. MDS Facilities, Shop No.78/80, 2nd Floor, Gulshan Tower, Jaistambh Chowk, Amravati
2. Kamthean Security Service, Pal Building Room 06, Gandhi Chouk, Devpuri, Raipur (C.G.)
3. New Bharat Security & Detective Services, Shop-140, Wing-3, Rajat Sankul, Opp. Main Bus Stand, Ganeshpeth, Nagpur
4. Cleantech Services & Workforce, C-50, Sector-1, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)
5. Atithi Hospitality & Event Associates, Plot No.317, SBI in Touch Bank, Dharmpeth, Nagpur
6. Ultra Clean & Care Services, Raipur (C.G.)
7. M/s Jyoti Traders, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)
8. Secured Security Solutions Pvt. Ltd., 3rd Floor, Ravi Bhawan, Jaistambh Chowk, Raipur (C.G.)

(2) विभागीय क्रय समिति द्वारा टेक्नीकल बीड का परीक्षण निविदाकर्ता की उपस्थिति में किया गया था। विभागीय क्रय समिति द्वारा सभी फर्मों को योग्य पाया गया है।

(3) टेक्निकल बीड में योग्य पाये गये फर्मों द्वारा प्रस्तुत दर सूची को निविदाकर्ता की उपस्थिति में विभागीय क्रय समिति के समक्ष खोला गया। फर्म MDS Facilities, Shop No.78/80, 2nd Floor, Gulshan Tower, Jaistambh Chowk, Amravati एवं Atithi Hospitality & Event Associates, Plot No.317, SBI in Touch Bank, Dharmpeth, Nagpur के द्वारा प्रस्तुत दर श्रम विभाग, छ.ग. शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम वेतन दर प्रस्तुत किया गया है, जो मान्य योग्य नही है।

दर तुलनात्मक तालिका के अनुसार 04 फर्मो (1) Kamthean Security Service, Raipur (2) New Bharat Security & Detective Service, Nagpur (3) Jyoti Traders, Bilaspur (4) Secured Security Solutions Pvt. Ltd., Raipur द्वारा प्रस्तुत सफाई एजेंसी का सेवा शुल्क न्यूनतम एवं रू.0.01 दर एक समान है।

(4) विशविविद्यालय द्वारा जारी निविदा की शर्ते/जानकारी (प्रपत्र तीन) की कंडिका क्र. 29 के अनुसार "यदि दो या दो से अधिक सफाई एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत दर समान होने एवं अन्य शुल्क समान होने पर इस विश्वविद्यालय में सफाई कार्य करने के अनुभव वाली सफाई एजेन्सी को विश्वविद्यालय प्रशासन प्राथमिकता दे सकता है। उपरोक्त सभी समान होने पर महिला समूह को प्राथमिकता दिया जावेगा।" उल्लेखित है। वर्तमान में इस विश्वविद्यालय में New Bharat Security & Detective Service, Nagpur के द्वारा सफाई व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है। संबंधित फर्म के द्वारा विश्वविद्यालय में कार्य करने का अनुभव प्रमाण–पत्र निविदा में प्रस्तुत किया

गया है, जिसके अनुसार इनके द्वारा किये गये कार्य से विश्वविद्यालय प्रशासन संतुष्ट है।

अतः New Bharat Security & Detective Service, Nagpur से विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के सफाई कार्य लिये जाने हेतु विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति द्वारा अनुशंसा किया गया है। अतः विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के सफाई व्यवस्था का कार्य New Bharat Security & Detective Service, Nagpur से 01 वर्ष के लिए दिनांक 01/01/2024 से 31/12/2024 तक लिये जाने हेतु स्वीकृति हेतु माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

26. **विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं शारीरिक शिक्षा अ.शा. के लिये खेल सामग्री, ब्लेजर एवं ट्रेकसूट सामग्री क्रय करने के लिये Rate Contract हेतु निविदा के संबंध में विचार करना।**

**टीप** : विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं शारीरिक शिक्षा अ.शा. के लिये खेल सामग्री, ब्लेजर एवं ट्रेकसूट सामग्री क्रय करने के लिये Rate Contract हेतु निविदा सूचना क्र0 655/विकास/निसू./2023 रायपुर, दिनाँक 12/09/2023 छ.ग. संवाद के माध्यम से समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। निर्धारित तिथि तक निम्नलिखित 04 फर्मों के द्वारा सीलबंद लिफाफा में निविदा प्रस्तुत किया गया था, फर्मो का नाम निम्नानुसार है :-

1. मो. आमीर खान, मैक काम्प्लेक्स, लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास, कोटा, रायपुर (छ.ग.)
2. New-Way Tailors & Fabrics, 7, Ashirwad Tower, Beside Raj Talkies, G.E. Road, Raipur (C.G.)
3. गोल्डन मुमेन्ट, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.)
4. शम्स स्पोर्टस एण्ड स्टेशनर्स, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.)

फर्मों द्वारा प्रस्तुत निविदा के तकनीकी बीड को निविदाकर्ता की उपस्थिति में विभागीय क्रय समिति के समक्ष खोला गया। तकनीकी बीड में सभी फर्मों को योग्य पाया गया। तकनीकी बीड में योग्य पाये गये फर्मों का फायनेंसियल बीड को खोला गया। फायनेंसियल बीड में 03 व 04 फर्मों द्वारा प्रस्तुत दर का तुलनात्मक तालिका तैयार किया गया। न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले फर्म व सामग्रियों का विवरण निम्नानुसार है :-

फर्म **मो. आमीर खान, रायपुर** द्वारा निम्नलिखित सामग्री का प्रस्तुत दर न्यूनतम है :-

1. Hockey Stick, 2. Cricket Ball, 3. Volley Ball Pole (Adjustable)

**ब्लेजर, ट्रेकसूट एवं अन्य सामग्री**

1. टी-शर्ट, 2. हॉफ पैन्ट सेट 3. क्रिकेट ड्रेस एवं जूता

फर्म **गोल्डन मुमेन्ट, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.)** द्वारा निम्नलिखित सामग्री का प्रस्तुत दर न्यूनतम है :-

1. Volleyball Ball, 2. Volleyball Net, 3. Basket Ball, 4. Basketball Net, 5. Football Net, 6. Shin Guard, 7. W.K. Gloves 8. Batting Gloves, 9. Stop Watch, 10. Soft-Tennis Net

**ब्लेजर, ट्रेकसूट एवं अन्य सामग्री**

1. जूता, 2. स्वीमिंग कॉस्ट्यूम, 3. बॉक्सिंग कॉस्ट्यूम, 4. बिप्स (बास्केटबॉल, नेटबॉल)

फर्म New-Way Tailors & Fabrics, 7, Ashirwad Tower, Beside Raj Talkies, G.E. Road, Raipur द्वारा निम्नलिखित सामग्री का प्रस्तुत दर न्यूनतम है :-

**ब्लेजर, ट्रेकसूट एवं अन्य सामग्री** - ट्रेकसूट वि.वि. के मोनो सहित

फर्म **शम्स स्पोर्टस एण्ड स्टेशनर्स, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.)** द्वारा निम्नलिखित सामग्री का प्रस्तुत दर न्यूनतम है :-

1. Hockey Ball, 2. Football Ball, 3. Hand Gloves, 4. Badminton Racket, 5. Abdominal Guard, 6. Cricket Score Book, 7. Cricket Helmet, 8. Goal Keeping Jersey Full Sleeves

**ब्लेजर, ट्रेकसूट एवं अन्य सामग्री**

1. सॉक्स (मोजा), 2. एंकलेट

**टीप :- जिन सामग्रियों के लिए 03 फर्मो द्वारा दर प्रस्तुत नही किया गया है, उन सामग्रियों के लिए भविष्य में द्वितीय निविदा सूचना जारी किया जायेगा।**

अतः न्यूनतम दर के आधार पर उक्त फर्मों से विश्वविद्यालय के आवश्यकता अनुसार खेल सामग्री, ट्रेकसूट इत्यादि सामग्री क्रय करने के लिए Rate Contract करने हेतु प्रस्ताव माननीय कार्य परिषद् के समक्ष स्वीकृति हेतु विचारार्थ प्रस्तुत है।

27. **विश्वविद्यालय में कैन्टीन संचालन के संबंध में विचार करना।**

<u>टीप</u> : विश्वविद्यालय द्वारा Expression of Interest (EOI) for Providing Canteen Services in Pt. Ravishankar Shukla University Campus, Raipur हेतु सूचना क्र.678/Dev/2023 Raipur, Date 26/09/2023 समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। निर्धारित तिथि तक निम्नलिखित फर्मों द्वारा सीलबंद लिफाफा प्रस्तुत किया गया :-

1. Shri Sai Services, Shanti Nagar, Balco Nagar, Korba (C.G.)
2. Hotel The Golden Oak, M.G.Road, Raipur
3. Shree Sai Services, Raipur (C.G.)

उपरोक्त फर्मों से प्राप्त सीलबंद लिफाफा को विभागीय क्रय समिति एवं संबंधित फर्मों की उपस्थिति में खोला गया। विभागीय क्रय समिति द्वारा तकनीकी बीड का परीक्षण किया गया। तकनीकी बीड में सभी फर्मों को योग्य पाया गया।

तकनीकी बीड में योग्य पाये गये फर्मों से कैन्टीन संचालन हेतु रख-रखाव शुल्क का दर मंगाया गया था, जिसे विभागीय क्रय समिति के समक्ष दिनांक 15/12/2023 को खोला गया। **Hotel The Golden Oak, M.G.Road, Raipur (C.G.)** के द्वारा अन्य फर्मो के द्वारा प्रस्तुत दर से अधिकतम रख-रखाव शुल्क रू. 25,000=00 (रुपये पच्चीस हजार मात्र) प्रति माह प्रस्तुत किया गया है।

अतः विश्वविद्यालय के द्वारा जारी निविदा में निहित शर्तो के अनुरूप उक्त फर्म को कैन्टीन संचालन हेतु दिये जाने के लिए स्वीकृति हेतु कार्य परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

<u>साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला से प्राप्त प्रस्ताव</u> :-

28. **साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला के अंतर्गत एम.ए. हिन्दी एवं एम.ए. छत्तीसगढ़ी में 10-10 सीट (पेमेंट सीट) वृद्धि किए जाने के संबंध में विचार करना।**

<u>टीप</u> : साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला में संचालित एम.ए. हिन्दी एवं एम.ए. छत्तीसगढ़ी में 10-10 सीट (पेमेंट सीट) वृद्धि किए जाने हेतु स्टॉफ कौंसिल की बैठक दिनांक 08.09.2023 में अनुशंसा की गई है। माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

<u>सेंटर फार बेसिक साइंस (CBS) से प्राप्त प्रस्ताव</u> :-

29. **मूल विज्ञान केंद्र के छठवे सेमेस्टर के 22 छात्र-छात्राओं को माह जनवरी 2023 से जून 2023 हेतु कुल राशि रुपए 5,70,593/- (पाँच लाख सत्तर हजार पाँच सौ तिरानबे मात्र) छात्रवृत्ति भुगतान किए जाने के संबंध में विचार करना।**

<u>टीप</u> : मूल विज्ञान केंद्र में दिनांक 14.08.2015 को कार्यपरिषद् की बैठक में लिए निर्णय क्र. 04 के अनुसार मूल विज्ञान केंद्र में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह रु. 5000/- छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। जिसके परिप्रेक्ष्य में मूल विज्ञान केद्र के छठवें सेमेस्टर के 22 छात्र-छात्राओं को माह जनवरी 2023 से जून 2023 हेतु कुल राशि रु. 5,70,593/- (पाँच लाख सत्तर हजार पाँच सौ तिरानबे मात्र) छात्रवृत्ति भुगतान किया जाने हेतु माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

<u>NCNR से प्राप्त प्रस्ताव</u> :-

30. **एन.सी.एन.आर. विभाग में क्रय किए Instrument का Annual Maintenance को Dealer से प्राप्त निविदा के आधार पर राशि रुपए 15,17,690.00 (रुपए पंद्रह लाख सत्रह हजार छः सौ नब्बे मात्र) के भुगतान की स्वीकृति पर विचार करना।**

<u>टीप</u> : एन.सी.एन.आर. विभाग में क्रय किए Instrument का Annual Maintenance को Dealer से प्राप्त निविदा के आधार पर राशि रुपए 15,17,690.00 (रुपए पंद्रह लाख सत्रह हजार छः सौ नब्बे मात्र) के भुगतान हेतु माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट से प्राप्त प्रस्ताव :–**

31. **माँ बंजारी देवी मंदिर ट्रस्ट की बैठक दिनांक 04.12.2023 में किए गए संस्तुति विचारार्थ प्रस्तुत।**

टीप : चाहरदीवारी निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। इस हेतु कुल 14200 वर्ग मीटर (कुल 152848 वर्ग फीट) भूखण्ड का चिन्हांकन किया गया है। चूँकि यह भूमि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के भूस्वामित्व की भूमि है, अतः सर्वसम्मति से संस्तुति किया गया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध किया जाए कि धार्मिक प्रयोजन के लिए उक्त चिन्हांकित भूखण्ड के उपयोग की अनुमति प्रदान किया जाए। उक्त भूखण्ड पर भूस्वामित्व विश्वविद्यालय प्रशासन का ही होगा तथा मंदिर ट्रस्ट इस हेतु कभी भी कोई आपत्ति/दावा नहीं करेगा।

चिन्हांकित भूमि का नक्शा ट्रस्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, ट्रस्ट द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। ट्रस्ट द्वारा अनुमोदित नक्शा विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के समक्ष अवलोकनार्थ रखे जाने का निर्णय लिया गया।

मंदिर ट्रस्ट की बैठक में यह भी संस्तुति किया गया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा, मंदिर पहुँच मार्ग जो कि शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला की बाउन्ड्री के बाद तिरछा बना हुआ है। इसकेस्थान पर सीधी सड़क तथा सड़क के बायीं ओर पार्किंग की व्यवस्था विश्वविद्यालय फण्ड से किए जाने हेतु अनुरोध किया जाए।

सड़क के दायीं ओर चहारदीवारी का निर्माण मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर को प्राप्त होने वाली दान राशि और जन सहयोग से किए जाने का संस्तुति किया गया। माननीय कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**विकास विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–**

32. **विश्वविद्यालय परिसर व भवनो के सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विचार करना।**

टीप : (1) विश्वविद्यालय परिसर व भवनो के सुरक्षा व्यवस्था हेतु निविदा सूचना क्र 692/विकास/निसू./2023 रायपुर, दिनांक 04/10/2023 समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था।

निर्धारित तिथि तक निम्नलिखित फर्मों द्वारा सीलबंद लिफाफा में निविदा प्रस्तुत किया गया था :–

1. Kamthean Security Service, Pal Building Room 06, Gandhi Chouk, Devpuri Raipur (C.G.)
2. New Bharat Security & Detective Services, Thana Road, Mohba Bazar, Tatibandh, Raipur (C.G.)
3. एक्समैन सिक्योरिटी सर्विस, ए–30, बालाजी पुरम कालोनी, वसंत विहार, राज किशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.)
4. मेसर्स कॉलमी सर्विसेस, सी–101/5, टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.)
5. मेसर्स बालाजी सिक्युरिटी सर्विस, LIG-126, सेक्टर–04, पानी टंकी के पास, दीनदयाल, उपाध्याय नगर, रायपुर (छ.ग.)
6. Secured Security Solutions Pvt. Ltd., 3rd Floor, Ravi Bhawan, Jaistambh Chowk, Raipur (C.G.)
7. बजरंग सिक्यूरिटी सर्विसेस, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)

(2) विभागीय क्रय समिति द्वारा टेक्नीकल बीड का परीक्षण निविदाकर्ता की उपस्थिति में किया गया था।

विभागीय क्रय समिति द्वारा निम्नलिखित फर्मों को योग्य पाया गया है :–

1. Kamthean Security Service, Pal Building Room 06, Gandhi Chouk, Devpuri, Raipur (C.G.)
2. New Bharat Security & Detective Services, Thana Road, Mohba Bazar, Tatibandh, Raipur (C.G.)

3. एक्समैन सिक्योरिटी सर्विस, ए–30, बालाजी पुरम कालोनी, वसंत विहार, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
4. मेसर्स कॉलमी सर्विसेस, सी–101/5, टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.)
5. Secured Security Solutions Pvt. Ltd., 3rd Floor, Ravi Bhawan, Jaistambh Chowk, Raipur (C.G.)

(3) टेक्निकल बीड में योग्य पाये गये फर्मों द्वारा प्रस्तुत दर सूची को निविदाकर्ता की उपस्थिति में विभागीय क्रय समिति के समक्ष खोला गया। दर तुलनात्मक तालिका के अनुसार 04 फर्मो 1. New Bharat Security & Detective Service, Raipur 2. एक्समैन सिक्योरिटी सर्विस, बिलासपुर 3. मेसर्स कॉलमी सर्विसेस, रायपुर 4. Secured Security Solutions Pvt. Ltd., Raipur द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा एजेन्सी का सेवा शुल्क न्यूनतम एवं दर रु. 0.01 एक समान है।

(4) विश्वविद्यालय द्वारा जारी निविदा की विशेष शर्तों की कंडिका क्र. 23 के अनुसार "यदि दो या दो से अधिक सुरक्षा एजेन्सीयों द्वारा समान दर एवं अन्य शुल्क समान होने पर इस विश्वविद्यालय में सुरक्षा कार्य करने के अनुभव वाली सुरक्षा एजेन्सी को विश्वविद्यालय प्रशासन प्राथमिकता दे सकता है। उपरोक्त सभी समान होने पर महिला समूह को प्राथमिकता दिया जावेगा।" उल्लेखित है। वर्तमान में इस विश्वविद्यालय में New Bharat Security & Detective Service, Nagpur के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है। संबंधित फर्म के द्वारा विश्वविद्यालय में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा में प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार इनके द्वारा किये गये कार्य से विश्वविद्यालय प्रशासन संतुष्ट है।

अतः New Bharat Security & Detective Service, Nagpur से विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के सुरक्षा कार्य लिये जाने हेतु विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति द्वारा अनुशंसा किया गया है। अतः विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के सुरक्षा व्यवस्था का कार्य New Bharat Security & Detective Service, Nagpur से 01 वर्ष के लिए दिनांक 01/01/2024 से 31/12/2024 तक लिये जाने हेतु स्वीकृति हेतु कार्यपरिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

33. **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण।**

20/12/23

कुलसचिव

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

(1)

क्रमांक : 2060/अका./वि.प.स्थायी समिति/2023 रायपुर, दिनांक 19/12/2023

विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् के स्थायी समिति की बैठक मंगलवार, दिनांक 19.12.2023 को मध्याह्न 12:00 बजे विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के कुलपति सचिवालय के सभा–कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. डॉ. शैल शर्मा | – | सदस्य |
| 3. डॉ. आर.के. ब्रह्मे | – | सदस्य |
| 4. डॉ. व्यास दुबे | – | सदस्य |
| 5. डॉ. तपेश चंद्र गुप्ता | – | सदस्य |
| 6. डॉ. राजीव चौधरी | – | सदस्य |
| 7. डॉ. संजय जे. डहरवाल | – | सदस्य |
| 8. डॉ. (श्रीमती) अदिति पोद्दार | – | सदस्य |
| 9. डॉ. ए.के. श्रीवास्तव | – | सदस्य |
| 10. डॉ. संजय कुमार | – | सदस्य |
| 11. डॉ. शैलेंद्र कुमार पटेल, कुलसचिव | – | सचिव |

## कार्यवृत्त

01. विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 21.09.2023 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णयः विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 21.09.2023 के बिंदु क्रमांक 15 को निम्नानुसार संशोधित करते हुए शेष निर्णय की सम्पुष्टि की गई –**

**संशोधित निर्णय 15 "अध्यादेश 46 (Doctror of Letters/Science/Laws) के बिंदु क्रमांक 01 के अनुसार डी.लिट उपाधि हेतु उम्मीदवार को पी–एच.डी. उपाधि प्राप्त करने के 05 वर्ष बाद तथा 10 शोध पत्र किसी स्तरीय (मानक) शोध पत्रिका में प्रकाशित किए जाने के उपरांत डी.लिट. उपाधि हेतु आवेदन की पात्रता है। इस प्रावधान को ध्यान में रखने हेतु डी.लिट. उपाधि प्राप्त करने के 05 वर्ष बाद तथा विषय से संबंधित 10 नए शोध पत्र स्तरीय (मानक) शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित करने के उपरांत Allied विषयों पर ही आगामी शोध उपाधि हेतु आवेदन पर विचार किए जाने का निर्णय लिया गया।"**

02. विद्या–परिषद् की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 21.09.2023 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णयः सूचना ग्रहण की गई।**

03. निरीक्षण समिति के प्रतिवेदन के आधार पर निम्नलिखित महाविद्यालय को उनके नाम के सम्मुख दर्शित कक्षा/विषय, छात्र–संख्या एवं सत्रानुसार **अस्थायी** संबद्धता दिए जाने के संबंध में विस्तृत टीप के साथ, सूची निम्नानुसार है –

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| i. | शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा, जिला–बलौदाबाजार– भाटापारा | B.A.-III- English Literature | 50 | 2023–24 |

**निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| ii. | शहीद नंद कुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय, बीरगाँव, जिला–रायपुर | M.A. -I/II Sem.- Sociology | 40 | 2023–24 |

**निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| iii | श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महावि. कचहरी चौक, रायपुर | B.Sc.-II year-Electronics | 50 | 2004–05 |
| | | B.Sc.-III year-Electronics | 50 | 2005–06 |
| | | B.C.A.-II | 30 | 2009–10 |
| | | B.C.A.-III | 30 | 2010–11 |

**निर्णयः उपरोक्त सत्रानुसार अस्थायी संबद्धता प्रदान करने हेतु निम्नानुसार संकायाध्यक्षों की समिति का गठन किया गया–**

**(1) डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष, प्रबंध संकाय**

**(2) डॉ. आर.के. ब्रह्मे, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय**

**(3) डॉ. एस.जे. डहरवाल, संकायाध्यक्ष, टेक्नालॉजी संकाय**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| iv | दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय, जी–जामगांव, जिला–धमतरी | एम.ए. (राजनीतिशास्त्र), (समाजशास्त्र) (भूगोल) (अर्थशास्त्र), (अंग्रेजी साहित्य) नवीन विषय | 30 | 2023–24 |
| | | बी.ए. (सीट वृद्धि) | 80 | |
| | | पी.जी.डी.सी.ए. (सीट वृद्धि) | 50 | |

**निर्णयः सत्र 2023–24 के लिए अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई एवं निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित बिंदुओं की पूर्ति सतांत्र तक पूर्ण करने की अनुशंसा की गई। शर्तें पूर्ण न करने की स्थिति में संबद्धता पर पुनर्विचार हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाए।**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| v | शांति निकेतन महाविद्यालय, चंगोराभाठा, रायपुरा, रायपुर | बी.सी.ए. तृतीय वर्ष | 30 | 2023–24 |

**निर्णयः भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के पश्चात् आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने की अनुशंसा की गई।**

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| vi | शास. काव्योपाध्याय हीरालाल महा. अभनपुर, जिला–रायपुर | M.A.-I/II Sem. Geography | 40 | 2023–24 |
| | | M.A.-I/II Sem. Sociology | 40 | |
| | निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| vii. | डॉ. राधाबाई शास. नवीन कन्या महावि. रायपुर | M.Sc.-III/IV Sem. Zoology | 25 | 2023–24 |
| | | M.Sc.-III/IV Sem. Physics | 25 | |
| | | M.Com..-III/IV Sem. (Self Finance) | 40 | 2022–23 |
| | निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| viii. | नवीन शासकीय महाविद्यालय, कोमाखान, जिला–महासमुंद | B.Sc.-I- Maths Group - (F.C.- Hindi, English), Chemistry, Maths, Physics | 30 | 2023–24 |
| | | B.Sc.-I- Bio Group - (F.C.- Hindi, English), Botany, Zoology, Chemistry | 60 | |
| | | B.A.-I- (F.C.- Hindi, English), Political Science, Economics, History | 90 | |
| | | B.Com.-I All Compulsory Subject | 90 | |
| | निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| ix. | नवीन शासकीय महाविद्यालय, भंवरपुर, जिला–महासमुंद | B.A.-I- (F.C.- Hindi, English), Political Science, Sociology, Geography | 90 | 2023–24 |
| | | B.Sc.-I- Bio Group - (F.C.- Hindi, English), Botany, Zoology, Chemistry | 60 | |
| | | B.Sc.-I- Mashts Group - (F.C.- Hindi, English), Physics, Chemistry, Maths, | 30 | |
| | | B.Com.-I All Compulsory Subject | 90 | |
| | निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| x. | संत गुरु घासीदास शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद, जिला–धमतरी | M.Sc.-I/II Sem.- Microbiology | 30 | 2023–24 |
| | | M.Sc.-I/II Sem.- Computer Science | 30 | |
| | निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| xi. | पियाली फाउंडेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन, 1/10, राजीव नगर, पो.आ.–शंकर नगर, रायपुर (Piyali Foundation College of Special Education" 1/10, Rajeev Nagar PO.Shankar Nagar, Raipur) | B.Ed. Special Education (Intellectual Disabilities) B.Ed. Spl.Ed.(I.D.) Duration Two Years | 30 | 2023–24, 2024–25, 2025–26 |
| | निर्णयः भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने के पश्चात् आगामी बैठक में प्रस्तुत किए जाने की अनुशंसा की गई। | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| xii. | शासकीय राजीवलोचन स्नातकोत्तर महा. राजिम, जिला–गरियाबंद | M.S.W.- III/IV Sem. (Under Self Finance) | 30 | 2023–24 |
| | निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
| xiii | शासकीय नारायण राव मेघावले कन्या महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.) | M.Sc.-I/II Sem.-Chemistry | 30 | 2023–24 |
| | निर्णयः निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति सत्रांत तक पूर्ण करने के शर्त पर अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। | | | |

| क्र. | महाविद्यालय का नाम | कक्षा/विषय | छात्र संख्या | सत्र |
|---|---|---|---|---|
